मुख्यमंत्री सचिवालय

प्रेस विज्ञप्ति

रांची,दिनांक: 03/01/2026

मुख्यमंत्री सचिवालय
प्रेस विज्ञप्ति -- 05/2026
03 जनवरी 2026
मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय, रांची
==============================

★ मुख्यमंत्री से वरिष्ठ पदाधिकारियों ने की सौजन्य भेंट, दी नववर्ष की शुभकामनाएं।
==============================

नववर्ष के अवसर पर आज मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन से विभिन्न विभागों के वरिष्ठ भारतीय प्रशासनिक सेवा (IAS) पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में सौजन्य भेंट की और उन्हें नववर्ष की शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री श्री सोरेन ने सभी पदाधिकारियों को नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए राज्य के सर्वांगीण विकास, सुशासन तथा जनकल्याण के कार्यों में सेवा-भावना और निष्ठा के साथ योगदान देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि “नया वर्ष राज्य के विकास कार्यों को और अधिक गति प्रदान करने का संकल्प लेकर आए, जिससे झारखण्ड की जनता को सुशासन और समृद्धि का लाभ प्राप्त हो।”

इस अवसर पर विकास आयुक्त -सह-अपर मुख्य सचिव, स्वास्थ्य, चिकित्सा, शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग श्री अजय कुमार सिंह, प्रधान सचिव, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग श्री राहुल कुमार पुरवार, पर्यटन, कला, संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के सचिव श्री मनोज कुमार (IAS), सचिव, महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग श्री मनोज कुमार, सचिव (व्यय), वित्त विभाग श्री अबू इमरान, आयुक्त, वाणिज्य कर विभाग श्री अमित कुमार, आयुक्त, मनरेगा श्री मृत्यंजय वर्णवाल, उपायुक्त, पलामू श्रीमती समीरा एस, उपायुक्त, गिरिडीह श्री रामनिवास यादव, उपायुक्त, खूंटी श्रीमती आर. रॉनीटा, उपायुक्त, चतरा श्रीमती कीर्तिश्री, उपायुक्त, लातेहार श्री उत्कर्ष गुप्ता, उपायुक्त, गुमला श्रीमती प्रेरणा दीक्षित तथा उपायुक्त, रामगढ़ श्री फैज अक अहमद मुमताज उपस्थित थे।

===========================

#Team PRD(CMO)